ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125

बुलेटिन संख्या–८२
दिनांक- मंगलवार, २६ अक्टूबर, २०२१

विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय बेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 30.5 एवं 21.6 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 95 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 68 प्रतिशत, हवा की औसत गति 8.0 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पण 2.0 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 2.5 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से0मी0 की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 25.4 एवं दोपहर में 33.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में वर्षा नही हुई है।

मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
(27 अक्टूबर–01 नवम्बर, 2021)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 27 अक्टूबर–01 नवम्बर, 2021 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- पूर्वानुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान प्रायः साफ तथा मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है।
- इस दौरान दिन और रात के तापमान में गिरावट आने के साथ–साथ अधिकतम तापमान 29 से 31 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 18 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।
- सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 70 से 80 प्रतिशत तथा दोपहर में 40 से 50 प्रतिशत रहने की संभावना है।
- औसतन 5 से 10 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्यतः पछिया हवा चलने का अनुमान है।

• समसामयिक सुझाव

- शुष्क मौसम की संभावना को देखते हुए किसान भाई धान की कटनी तथा दौनी के कार्य को उच्च प्राथमिकता देकर पूरा करने का प्रयास करें। राई, मसूर, सुर्यमुखी, लहसुन, शरदकालीन गन्ना, मटर, राजमा की बुआई प्राथमिकता से करें। सब्जियों में आवश्यकतानुसार निकाई-गुड़ाई करें एवं कीट तथा रोग-व्याधि का नियमित रुप से निरीक्षण करें।
- राजमा की बुआई करें। इसके लिए उदय (पी०डी०आर०-१४), अम्बर (आई०आई०पी०आर०-९६-४) एवं उत्कर्ष (आई०पी०आर०-९८-५) किस्में अनुसंशित है। बीज बुआई की दुरी ३०x१० से०मी० रखें। बुआई से पहले खेत की जुताई में ५० किलोग्रम नेत्रजन, ५० किलोग्रम फॉसफोरस, ३० किलोग्राम पोटास एवं २० किलोग्राम सल्फर का प्रयोग करें। बीज को २ ग्राम बेविस्टीन प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें।
- मटर की बुआई करें। इसके लिए रचना, मालवीय मटर-१५, अपर्णा, हरभजन, पूसा प्रभात एवं भी० ऐल०-४२ किस्में अनुसंशित है। बीज दर ७५-८० किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तथा लगाने की दुरी ३०x१० से०मी० रखें। बीज को उचित राइजोबियम कल्चर (५ पैकेट प्रति हेक्टेयर) से उपचारित कर बुआई करे।
- मसुर के मल्लिका(के०-७५), अरुण (पी०एल० ७७-१२), बी०आर०-२५ के०एल०एस०- २१८, एच०यू०एल०-५७, पी०एल०-५ एवं डब्लू०वी०एल० ७७ किस्मो की बुआई करें। बुआई के समय खेत की जुताई में २० किलोग्राम नेत्रजन, ४५ किलोग्राम फॉसफोरस, २० किलोग्राम पोटास एवं २० किलोग्राम सल्फर का व्यवहार करें। बुआई के २-३ दिन पूर्व कार्बेन्डाजीम फ़ूंदनाशक दवा का १.० ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से शोधित करें। तत्पश्चात कीटनाशी दवा क्लोरपाईरीफॉस २० ई.सी. का ८ मि.ली. प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। बुआई के ठीक पहले उपचारित बीज को उचित राईजोबियम कल्चर (५ पैकेट प्रति हेक्टेयर) से उपचारित कर बुआई करें।
- रबी प्याज की बुआई नर्सरी में करें। इसके लिए एग्रीफाउण्ड लाईट रेड, अर्का निकेतन, एन २-४-१, नासिक रेड, पूसा रेड एवं भीमाराज किस्में अनुसंशित है। २०-२५ दिनों के नर्सरी से खरपतवार की निकासी करते रहें।
- गेहूँ एवं चना की बुआई के लिए खेत की तैयारी करें। खेत के आसपास के मेड़, नालियाँ एवं रास्तो में उगे जंगलो की सफाई करें। गोबर की सड़ी खाद १५०-२०० क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से पुरे खेत में अच्छी प्रकार विखेरकर एवं जुताई कर मिला दें।
- लहसुन की बुआई करें। गोदावरी (सेलेक्सन-१), श्वेता (सेलेक्सन-१०), एग्रीफाउंड डार्करेड (जी-११), एग्रीफाउंड व्हाईट (जी-४१), एग्रीफाउंड पार्वती (जी-३१३), जमुना सफेद-२ (जी०-५०), जमुना सफेद-३ (जी०-२८२), जमुना सफेद-४ (जी०-३२३) एवं आर०ए०यू० (जी-५) लहसुन की अनुसंशित किस्में है। बीज दर ३००-५०० किलोग्राम जावा प्रति हेक्टेयर तथा लगाने की दुरी १५x१० से०मी० रखें।
- सूर्यमुखी की बुआई करे। बुआई के समय खेत की जुताई में ३०-४० किलोग्राम नेत्रजन, ८०-९० किलोग्राम फॉस्फोरस एवं ४० किलोग्राम पोटास का व्यवहार करे। उत्तर बिहार के लिए सूर्यमूखी की उन्नत संकुल प्रभेद मोरडेन, सूर्या, सी०ओ०-१ एवं पैराडेविक तथा संकर प्रभेद के लिए बी०एस०एच०-१, के०बी०एस०एच०-१, के०बी०एस०एच०-४४, एम०एस०एफ०एच०-१, एम०एस०एफ०एच०-८ एवं एम०एस०एफ०एच०-१७ अनुसंशित है। संकर किस्मों के लिए बीज दर ५ किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तथा संकुल किस्मों के लिए ८ किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रखें। बुआई से पहले प्रति किलोग्राम बीज को २ ग्राम थीरम या कैप्टाफ दवा से उपचारित कर बुआई करे।
- धनियाँ की बुआई करें। राजेन्द्र स्वाती, पंत हरितिमा, कुमारगंज सेलेक्शन, हिसार आंनद धनियाँ की अनुसंशित किस्में है। पंक्ति में लगाने पर बीज दर १८-२० किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तथा लगाने की दुरी ३०x२० से०मी० रखें। बीज को २.५ ग्राम बेविस्टीन प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। अच्छे जमाव के लिए बीज को दरर कर दो भागो में विभाजित कर बुआई करें।

आज का अधिकतम तापमानः 30.8 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस कम	आज का न्यूनतम तापमानः 21.4 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक

(डॉ0 गुलाब सिंह)
तकनीकी पदाधिकारी

(डॉ0 ए. सत्तार)
नोडल पदाधिकारी